aglasem.com

FOR UP CLASS 12 PREPARATION

UP Board Class 12th Model Paper 2027 Economics

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
UP Class 12	2027	Sample Paper	Economics

विषय कोड–136 प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

सत्र 2026–27 संकेतांक–329

कक्षा–12

विषय–अर्थशास्त्र (केवल प्रश्न पत्र)

समय–3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक–100

नोटः– प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनका केवल सही उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखना है। प्रश्न संख्या–11 से 16 तक अतिलघुत्तरीय है जिनका उत्तर लगभग 50 शब्दों में देना है प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रश्न संख्या 17 से 22 तब लघु उत्तरीय 6 अंक के है, जिनका उत्तर लगभग 150 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 23 से 25 विस्तृत उत्तरीय है जिसके लिए 10 अंक निर्धारित है। इसका उत्तर 300 शब्दों में देना है।

(3) सभी प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित है।

बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न 1–निम्नालिखित में कौन सा एक समष्टि अर्थशास्त्र का विषय वस्तु है– 1

(a) मांग का नियम (b) राष्ट्रीय आय

(c) व्यक्तिगत आय (d) एक वस्तु की कीमत

प्रश्न 2–भारत में राष्ट्रीय आय की गणना किन विधियों द्वारा की जाती है– 1

(a) आय विधि (b) व्यय विधि

(c) उत्पाद विधि (d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 3–साख नियंत्रण किसके द्वारा किया जाता है– 1

(a) केन्द्रीय बैंक (b) व्यापारिक बैंक

(c) सहकारी बैंक (d) ग्रामीण बैंक

प्रश्न 4–मुद्रा की मांग तथा ब्याज की दर में–––––– सम्बन्ध है– 1

(a) प्रत्यक्ष (b) विपरीत

(c) अप्रत्यक्ष (d) स्थिर

प्रश्न 5–सीमान्त उपभाग प्रवृति MPC तथा सीमान्त बचत प्रवृति MPC का योग होगा– 1

(a) 0 (b) 2

(c) 1 (d) 3

प्रश्न 6– गुणक का मूल्य निम्नलिखित में से किस पर निर्भर करता है– 1

(a) सीमान्त उपभोग प्रवृति (b) उपभोक्ता की आय

(c) स्वायन्त विनियोग (d) ब्याज की दर

प्रश्न 7– भारत सरकार के वार्षिक बजट की अवधि होती है– 1

(a) 1 जनवरी से 31 दिसम्बर (b) 1 जुलाई से 30 जून

(c) 1 अप्रैल से 31 मार्च (d) उपरोक्त में से कोई नही

प्रश्न 8– मंदी के समय कैसा बजट उपयुक्त रहता है– 1

(a) अतिरेक बजट (b) घाटे का बजट

(c) संतुलित बजट (d) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 9–विदेशी व्यापार में घाटा होता है जब– 1

(a) आयात घटते है (b) निर्यात घटते है

(c) आयात निर्यात से कम होगा (d) निर्यात आयात से कम होगा

प्रश्न 10– अदृश्य निर्यात का अर्थ है– 1

(a) निषिद्ध वस्तुओं का निर्यात (b) वस्तुओं का निर्यात

(c) सेवाओं का निर्यात (d) पूँजी का निर्यात

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 11– यष्टि तथा समष्टि अर्थशास्त्र में अन्तर स्पष्ट कीजिए? 4

प्रश्न 12–सीमान्त बचत प्रवृत्ति किसे कहते है? 4

प्रश्न 13–स्थानापन्न वस्तु से क्या तात्पर्य है? 4

प्रश्न 14–उत्पादन के साधनों का प्रयोग करके एक उत्पाक अल्पकाल में मांग के अनुसार पूर्ति को क्या बढ़ा सकता है? समझाइये। 4

प्रश्न 15–आपूर्ति सारणी में कीमत तथा मांग को किस–किस अक्ष पर दर्शाते है? 4

प्रश्न 16–बाजार में कीमत का निर्धारण किस प्रकार होता है? 4

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 17–अपूर्ण प्रतियोगिता की विशेषताओं का वर्णन कीजिए? 6

प्रश्न 18–केन्द्रीय बैंक के प्रमुख कार्यो का वर्णन कीजिए? 6

प्रश्न19–राष्ट्रीय आय की अवधारणा क्या है? 6

प्रश्न 20–Y=C+I को स्पष्ट कीजिए? 6

प्रश्न 21–एक विकासशील देश के विकास में राजकोषीय नीति की भूमिका बताइये? 6

प्रश्न 22–व्यापार सन्तुलन से आप क्या समझते है? 6

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 23– मांग की लोच से क्या तात्पर्य है? मांग की लोच को मापने की किसी एक विधि का वर्णन कीजिए। 10

अथवा

उदासीनता की लोच विश्लेषण से आप क्या समझते है? उदासीनता वक्र की सहायता से उपभोक्ता के सन्तुलन को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 24–पूर्ण प्रतियोगिता को सविस्तार समझाइये? क्या पूर्ण प्रतियोगिता को व्यवहारिक जीवन में लागू कर सकते है। 10

अथवा

परिवर्तनशील अनुपात के नियम की विभिन्न अवस्थाओं का वर्णन कीजिए?

प्रश्न 25–राष्ट्रीय आय को परिभाषित कीजिए? इसे मापने में कौन–कौन सी कठिनाइयॉ आती है। 10

अथवा

आर्थिक प्रणाली के समुच्चय को स्पष्ट कीजिए?